GCMS-2021/562

हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना उन्नाती सविता v/s अशोक कुमार वगै. मु.सं. 354/2021	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए

ईकजाही पेशी देने पर पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय उप0। प्रार्थना पत्र 251 (क) रा.का.अधि. पर बहस वकुलाय उभयपक्ष सुनी गई। वास्ते आदेश मिसल दिनांक 28.04.2025 को पेश हो।

वास्ते आदेश मिसल आज पेश हुई। वकुलाय उपस्थित। प्रकरण में प्रार्थना पत्र पर बहस वकुलाय उभयपक्ष पूर्व में सुनी जा चुकी हैं। दौराने बहस वकील प्रार्थीगण ने तहसीलदार नीमकाथाना से प्राप्त रिपोर्ट पर सहमति जाहीर करते हुए मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार नीमकाथाना रास्ता दिलवाया जाने का निवेदन किया। वकील प्रार्थीगण की बहस के जवाब में वकील अप्रार्थीगण ने अपने जवाब प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना पत्र खारिज फरमाने का निवेदन किया।

पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड, तहसीलदार नीमकाथाना से प्राप्त जांच रिपोर्ट एवं जवाब प्रा0 पत्र अप्रार्थीगण का अवलोकन किया गया एवं बहस वकुलाय उभयपक्ष पर सगौर मनन किया गया। चूंकि मुताबिक तहसीलदार रिपोर्ट प्रार्थी की भूमि ख0नं0 793 तन ग्राम गोडावास में आने जाने के लिए न्यूनतम दूरी का रास्ता ग्राम चकचारावास के भूमि ख0नं0 295 से होकर प्रस्तावित हैं। अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रार्थिया का प्रार्थना पत्र न्यायहित में स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नीमकाथाना को आदेशित किया जाता हैं कि प्रार्थिया की तन ग्राम गोडावास तहसील नीमकाथाना अवस्थित खातेदारी भूमि ख0नं0 793 में आने जाने के लिए तन ग्राम चकचारावास के भूमि ख0नं0 295 में से मुताबिक ट्रेस व तहसीलदार रिपोर्ट रास्ता जिसकी लम्बाई 60 मीटर, चौड़ाई 6 मीटर कुल क्षेत्रफल 360 वर्गमीटर का रास्ता स्वीकृत किया जाता हैं। प्रार्थिया से उक्त रास्ता भूमि की डीएलसी दर से दुगुनी राशि अप्रार्थीगण को दिलवायी जाकर उक्तानुसार रास्ता कायम किया जाना सुनिश्चित करें। उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हेतु

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajveer Yadav
Date: 2025.05.26 12:01:43
Reason: SelfAttested

तारीख हुक्म	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज
	तहसीलदार नीमकाथाना को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। यह निर्णय आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजवीर सिंह यादव)
उपखण्ड अधिकारी,
नीमकाथाना

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2025.05.26 12:01:43 IST
Reason: SelfAttested